सं0-2431/62-2-2014-14एम0आई0/97टीसी-II

प्रेषक,

डा0 सूर्य प्रताप सिंह,
प्रमुख सचिव,
उ0 प्र0 शासन।

सेवा में,

मुख्य अभियंता,
लघु सिंचाई विभाग,
उ0 प्र0 लखनऊ।

लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल अनुभाग-2 लखनउ- दिनांक- 08 सितम्बर 2014

विषय- वित्तीय वर्ष 2014-15 में जिला योजना (सामान्य) तथा राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अन्तर्गत गहरी तथा मध्यम गहरी बोरिंगों में उपयोग हेतु पाइप के क्रय की प्रशासनिक स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र सं0-जी-09/ल0सिं0/भ0आ0/म0ग0न0/ग0बो0/2014-15, दिनांक 28-8-2014 का संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा क्रय समिति की बैठक दिनांक 27-8'2014 में लिये गये निर्णय के क्रम में निम्नलिखित विवरण/तालिका के अनुसार पाइप क्रय किये जाने की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान किये जाने का अनुरोध किया गया है--

S. No.	Particular of Pipe	Required Qty. as per Available Budget (Meter)	Basic Rate Ex-works (Rs./m)	Average freight Anywhere in U.P. upto Consignee Store (Rs./m)	F.O.R. destination Rates excluding Excise Duty+ Cess & VAT etc. (Rs./m) (4)+(5))
1	2	3	4	5	6
1-	**150 mm UPVC CS Pipe**	**14826**	**447.00**	**15.00**	**462.00**
2-	**150 mm UPVC RMS Pipe**	**55698**	**690.00**	**19.00**	**709.00**
3-	**175 mm UPVC CS Pipe**	**66111**	**620.00**	**20.00**	**640.00**
4-	**200 mm UPVC CS Pipe**	**13011**	**790.50**	**26.00**	**816.50**
5-	**150 mm UPVC CM Pipe**	**5169**	**585.00**	**15.00**	**600.00**
6-	**200 mm UPVC CM Pipe**	**28083**	**1000.00**	**28.00**	**1028.00**

ukV %& mijkDr rkfydk d dkye&6 e n'kk;h x;h njk ij Excise Duty + Cess & VAT etc. **rRle; ipfyr njk ij fu;ekulkj vyx l n; gkxkA****

http://shasanadesh.up.nic.in

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि उघोग अनुभाग-7 के शासनादेश सं0-2177एल/18-7-94-15(एस0पी0)/92, दिनांक 17-10-1994 एवं शासनादेश सं0-711/18-7-97-17(एस0पी)/97, दिनांक 19-5-1998 तथा उघोग अनुभाग-5 के शासनादेश सं0-344/18-5-2003-76(एस0पी0)/86, दिनांक 10-3-2003 में दी गयी व्यवस्थानुसार गठित क्रय समिति द्वारा संस्तुति दे दी गयी है, चालू वित्तीय वर्ष 20014-15 में जिला योजना (सामान्य)/राष्ट्रीय कृषि विकास योजना में उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष क्रमश: 515 गहरी बोरिंग तथा 2166 मध्यम गहरी बोरिंग के निर्मित कराये जाने जाने हेतु आई0एस0 कोड-1218/2010 (यथासंशोधित) 150एम0एम0, 175एम0एम0 एवं 200 एम0एम0 यू0पी0वी0सी0 केसिंग पाइप (सी0एस0/सी0एम0 पाइप) तथा 150 एम0एम0 यू0पी0वी0सर0 रिब्ड मीडियम वेल स्क्रीन पाइप (आर0एम0एस0 पाइप) मैसर्स रूँगटा इरिगेंशन लि0 गाजियाबाद से प्राप्त न्यूनतम दरों के आधार पर पाइप के क्रय की प्रशासनिक स्वीकृति उपर्युक्त प्रस्तर-1 में उल्लिखित विवरणानुसार निम्नलिखित शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन श्री राज्यपाल प्रदान करते है-

<u>शर्ते एवं प्रतिबन्ध</u>

(1) उक्त सामग्री का क्रय धन उपलब्धता सुनिश्चित होने के बाद ही किया जाय।

(2) उपर्युक्त सभी पाइप का क्रय टेण्डर प्रपत्र में उल्लिखित निर्धारित विशिष्टियों एवं मानको के अनुरूप ही किया जायेगा।

(3) उपर्युक्त पाइप का भुगतान जिला योजना (सामान्य) तथा राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत गहरी तथा मध्यम गहरी बोरिंगों के नलकूपों के निर्माण हेतु उपलब्ध धनराशि से ही किया जायेगा।

(4) मुख्य अभियंता, लघु सिंचाई विभाग सम्पूर्ण आपूर्ति की गुणवत्ता सुनिश्चित करेगें।

(5) उघोग विभाग के शासनादेश सं0-2177एल/18-7-94-15(एस0पी0)/92, दिनांक 17-10-1994 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि प्रश्नगत पाइपों के क्रय, क्रय नियमों के अनुसार है और प्रस्तावित पाइप उघोग निदेशालय, कानपुर द्वारा निर्णीत किये गये किसी दर अनुबन्ध के अन्तर्गत नही आता है।

(6) टेण्डर डाकूमेन्ट में उल्लिखित सभी प्राविधान फाइनेन्सियल हैण्डबुक वैलुम-5 भाग-1 में उल्लिखित नियमों तथा टेण्डर संबंधी अन्य नियमों के अन्तर्गत क्रय समिति का गठन उघोग विभाग के शासनादेश के अनुकूल है तथा क्रय हेतु वांछित पर्याप्त धनराशि बजट में उपलब्ध है।

http://shasanadesh.up.nic.in

(7) उक्त शर्तो एवं प्रतिबन्धों का अक्षरश: एवं कडाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का दायित्व मुख्य अभियंता, लघु सिंचाई का होगा।

भवदीय,

ह0/

(डा0 सूर्य प्रताप सिंह)

प्रमुख सचिव।

सं0-2431(1)/62-2-2014, तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को संलग्नक सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रमुख सचिव, वित्त विभाग, उ0 प्र0 शासन।

2- प्रमुख सचिव, उघोग विभाग, उ0 प्र0 शासन।

3- सचिव, लघु सूक्ष्म एवं मध्यम उघम अनुभाग-2, उ0 प्र0 शासन।

4- उघोग निदेशक, (सामग्री क्रय अनुभाग) उ0 प्र0 कानपुर।

5- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

ह0/

(एस0पी0 सिंह)

अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in